Title: Regarding setting up potato-based food processing industries and taking steps for export of potato in Misrikh Parliamentary Constituency.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की बिल्हौर विधानसभा जनपद कानपुर नगर और इसके निकटवर्ती क्षेत्र, जिनमें कन्नौज और फर्रुखाबाद जनपद भी शामिल हैं, में आलू की काफी अधिक फसल होती है तथा इस क्षेत्र के किसानों की आजीविका का एकमात्र सहारा आलू की उपज है।

वर्तमान समय में, लागत मूल्य से भी आधी कीमत पर आलू बिक रहा है, जिस कारण क्षेत्र के किसान आलू की उपज का लाभकारी मूल्य न मिलने की वजह से काफी परेशान हैं तथा आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि आलू उत्पादकों के हित में क्षेत्र के अरौल-गंगापुर के बीच में आलू आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित किए जाने के साथ-साथ आलू के निर्यात हेतु संभावित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, जिससे क्षेत्र के आलू किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित हो सके।